हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 17 जनवरी 2026

04 उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिक उत्सव अंतर्गत...



07 गडकरी आज करेंगे 4,400 करोड़ की आठ राष्ट्रीय...







## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1090
उच्चतम भाव-6200
सरसों
न्यूनतम भाव-6570
उच्चतम भाव-7235
चना
न्यूनतम भाव- 4470
उच्चतम भाव- 5792
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6030
ज्वार
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-6901
मक्का
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव- 1665
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3610
धान
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-3885
धनिया
न्यूनतम भाव-8200
उच्चतम भाव-8200
उड़द
न्यूनतम भाव-3510
उच्चतम भाव-3510
गेंहू
न्यूनतम भाव-2382
उच्चतम भाव-3411
तुअर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-5600

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 7114 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## विधिक साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को दी जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में ग्राम पंचायत निवोदिया में शुक्रवार को मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यस्थता की प्रक्रिया एवं महत्व के बारे में यह बताया गया कि पक्षकार मध्यस्थता के माध्यम से सीधे संवाद के जरिए आपसी सहमति से विवाद का समाधान निकाल सकते हैं, साथ ही यह भी बताया गया कि मध्यस्थता प्रक्रिया से पैसे और समय की बचत करते हुए विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान निकाला जा सकता है। मध्यस्थता प्रक्रिया में वैवाहिक विवाद, धन वसूली, किराएदारी के विवाद, मोटर दुघर्टना, चेक अनादरण आदि जैसे विवादों का कम खर्च में शीघ्र निपटारा किया जा सकता है। कार्यक्रम में एडवोकेट संजीव अरोड़ा, राजेश सक्सेना, पैरालीगल वालेंटियर्स सुनील राजपूत, सौरभ कुशवाह, सुनील बाबू पिंगले, अंबानगर चौकी प्रभारी मनोज तिवारी, जसवंत सिंह राजपूत, भगत सिंह ठाकुर सचिव, मीरा राजपूत कुरावद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन राजपूत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निबोदिया, लक्ष्मी गौर सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद थे।

### विद्यालय में अध्ययनरत अनेक विद्यार्थियों को मिले पुरस्कार

# उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिक उत्सव अंतर्गत पुरस्कार वितरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उत्कृष्ट विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार को दूसरे दिन वर्ष भर की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी कांति भाई शाह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने की, विशेष अतिथि के रूप में शैलेन्द्र सिंह रघुवंशी, रोहित भावसार, राम नाम बैंक संस्थापक रघुनाथ सिंह रघुवंशी, गिरिराज सिंह रघुवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन मां सरस्वती के समक्ष प्राचार्य एमसी शर्मा एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा प्रतिवेदन वाचन कर वर्ष भर की शालेय उपलब्धियों से अवगत कराया गया। पुरस्कार वितरण के क्रम में राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर, संभाग स्तर, जिला स्तर के साथ ही शाला स्तर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक, पोस्टर मेकिंग, सलाद, मेहंदी, रंगोली के साथ ही विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त लगभग 800 छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत किया गया। रोहित भावसार ने कहा कि छात्र मोबाइल की लत को त्यागकर पढ़ाई के साथ ही शैक्षिक गतिविधियों में मेहनत कर आगे आएं। विदित हो कि इस वर्ष शाला के 3 छात्रों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर, 7 छात्रों द्वारा राज्य स्तर पर तथा 32 छात्रों द्वारा संभाग स्तर तथा 6 छात्रों द्वारा जिला स्तर पर खेल के साथ अन्य गतिविधियों में सहभागिता की गई। इन सभी छात्रों को शील्ड, प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शैलेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि छात्र अपना हौसला ऊंचा रखें, महापुरुषों के संघर्ष से प्रेरणा लें और उनके पदचिन्हों पर चलकर सफलता प्राप्त करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम में तथा खेल गतिविधियों में अन्य सहभागी छात्र, छात्राओं को मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर समाजसेवी कांति भाई शाह ने कह कि छात्र गुरुजन और माता पिता का सम्मान करें। पुरुस्कृत छात्रों को देखकर वह छात्र भी प्रेरणा ले, जो इस वर्ष पुरस्कार से वंचित रहे। पढ़ाई के साथ छात्र खेल तथा अन्य विधाओं में भी मेहनत करें और आगे बढ़ें। इस अवसर पर राम नाम बैंक संस्थापक रघुनाथ सिंह रघुवंशी तथा गिरिराज रघुवंशी द्वारा भी छात्रों को राम नाम किताब तथा पेन देकर पुरुस्कृत किया। अंत में वर्तमान सत्र में विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ सदन के लिए महाराणा प्रताप सदन को स्वर्गीय कुसुमलता शर्मा स्मृति रनिंग शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन दिनेश ओझा ने एवं आभार समीक्षा जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बडी संख्या में विद्यार्थियों के अलावा स्टाफ एवं पालकगण मौजूद रहे।




गंजबासौदा। विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित करते अतिथिगण।



गंजबासौदा। अनेक छात्र, छात्राएं हुईं पुरस्कृत।

## विश्व पुस्तक मेले में होगा विमोचन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के जाने माने कवि और अनुवादक प्रोफेसर मणि मोहन मेहता की दो पुस्तकों को विमोचन 17, 18 जनवरी को विश्व पुस्तक मेला, भारत मंडपम, प्रगति मैदान दिल्ली में होगा। इस विमोचन समारोह में विश्व विख्यात लेखक खलील जिब्रान की बोध कथाओं की अनुदित पुस्तक तथा विख्यात अमेरिकी कवयित्री एमिली डिकिन्सन की प्रतिनिधि कविताओं की अनुदित पुस्तक का लोकार्पण होगा। इस समारोह में देश और प्रदेश के अनेक लेखक शामिल होंगे। नगर के साहित्यकारों और शुभचिंतकों ने प्रोफेसर मणि मोहन मेहता को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। बधाई देने वालों में जय नारायण मेहता, योगेश शिल्पकार, भूपेन्द्र नरबरिया सहित अनेक साहित्यकार शामिल हैं।

## विधायक ने आदिवासी गांव गमोली पहुंचकर गर्म कपड़े वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मकर संक्रांति के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र में विधायक हरिसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ ने आदिवासी गांव गमोली गमाखर में ग्रामवासियों के लिए कंबल, बच्चों के लिए टोपे और लड्डू वितरित किए। साथ ही व्यापारी मनोज मूंदड़ा ने एक से बढकर एक भजनों का गायन भी किया। इस मौके पर कृषि उपज मंडी प्रतिनिधि तरवर सिंह रघुवंशी, अनाज तिलहन संघ के संरक्षक महेश अग्रवाल, अध्यक्ष सतीश जैन कटारे, महामंत्री अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुखजीत सिंह काके, कीर्ति ओसवाल, मनोहर साहू, राजेंद्र जैन, जयेश शाह, शरद साहू, राकेश गुप्ता, सुमित अग्रवाल ,प्रकाश रघुवंशी, मनोज, श्रीबाबू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### यशपाल दांगी को मिली जिले की कमान



**गंजबासौदा।** नगर के शासकीय खंड स्तरीय उत्कृष्ट सीनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक यशपाल दांगी को तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ में नई जिम्मेदारी दी गई है। मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष पंडित अतुल मिश्रा के द्वारा छात्रावास अधीक्षक यशपाल दांगी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर सहित शासकीय कर्मचारी संगठनों सहभागियों एवं उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयां देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। उनके नेतृत्व में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला विदिशा कर्मचारियों के अधिकारों एवं कल्याण के लिए सशक्त रूप से कार्य करेगा।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नगर के वार्ड क्रमांक 3 नई बस्ती निवासी शिवम विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जाता है कि शिवम बेल्डिंग का कार्य करता था। उसके माता पिता का पूर्व में निधन हो चुका है और वह दादी चाचा के साथ रहता था।

## एसजीएस व कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की डेढ़ सौ वर्षगांठ के अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रगीत वंदे मातरम के पूर्ण मूल पाठ के साथ ही राष्ट्रगान एवं मध्य प्रदेश गान के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ कंचन वैद्य, शिवानी गौड़ ने विद्यार्थियों को 'वंदे मातरम' गीत का संगीतात्मक पक्ष समझाया। संस्कृत विभाग के डॉ. बीके प्रजापति ने भावार्थ एवं सही उच्चारण बताते हुए समझाया कि यह गीत केवल एक रचना नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। सामूहिक गायन के दौरान परी रघुवंशी, शैली विश्वकर्मा और शिखा द्वारा गया गए गीत से सभागार देशभक्ति के स्वर से गूंज उठा। प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और देशप्रेम की भावना विकसित करना भी है। अंत में सभी प्रतिभागियों ने 'वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। इस दौरान डॉ सबीहा मंसूरी, डॉ. घनश्याम चौकसे, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. सुनीता ठाकुर, डॉ. विकास, मोनिता नेमा सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

वहीं शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में स्टार्ट-अप डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. पुष्पा बर्डे द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. वर्मा ने स्टार्ट-अप की अवधारणा, उसके महत्व तथा वर्तमान समय में युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नवाचार, जोखिम उठाने की क्षमता, समस्या समाधान, टीम वर्क एवं नेतृत्व कौशल जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक मनीष सेन उपस्थित रहे। साथ ही उन्नति फाउंडेशन के स्किल डेवलपमेंट काउंसलर संतोष तिवारी ने छात्राओं को कौशल विकास, स्वरोजगार, स्टार्ट-अप प्रारंभ करने की प्रक्रिया, फंडिंग, मेंटरशिप एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य शिवकुमारी रघुवंशी, निखिल शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थिति रहा।

## रोड कम बैराज आ रहा डूब में, हजारों ग्रामीणों को होगी आवागमन में परेशानी



**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम कुल्हार और छुलेंटा के मध्य केवटन नदी के नीम घाट पर लगभग 18 वर्ष पूर्व रोड कम बैराज बनाया गया था। किंतु कोठा बैराज परियोजना के निर्माण होने से यह रोडकम बैराज सदा सदा के लिए जलमग्न हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग से गंज बासौदा से कुल्हार की दूरी मात्र 17 - 18 किलो मीटर है। इसके जलमग्न होने से उदयपुर - भाल बामोरा होकर जाने से यह दूरी बढ़कर 36-37 किलो मीटर यानि लगभग दूनी हो जाएगी। विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि कोठा बैराज के डूब क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए बासौदा, देवली, उमरछा, गिटोला आदि स्थानों पर पूर्व निर्मित पुलों के स्थान पर नवीन ऊंचे पुलों का निर्माण किया जा रहा है। इस स्थान पर भी नए पुल का निर्माण किया जाना चाहिए। इस पुल के निर्माण से ग्राम कुल्हार, भरी, नाहें, सिरनोटा, उमरछा, बड़वासा, गुदावल, टीकोद, इमलिया , छुलेंटा आदि ग्रामों के हजारों ग्रामीणों को सुविधा होगी। इस संबंध में पूर्व में भी ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपे हैं, लेकिन अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं नितिन गडकरी से एक बार पुनः यह मांग करते हुए इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

## ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किसानों के हितों के लिए किसान जन यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें किसानों की फसल का दाम जिसमें गेहूं का दाम 4000 रुपए, धान 4000 रुपए, सोयाबीन 6000 रुपए प्रति क्विंटल खरीदा जाए। पर्याप्त मात्रा में किसानों को यूरिया दिया जाए, बिजली दिन के समय में भी दी जाए आदि मांगे शामिल हैं। जिसकों लेकर गांव गांव जनसंपर्क किया जा रहा है। शुक्रवार को त्योंदा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे जिन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष तोरण सिंह रघुवंशी, किसान यात्रा के प्रभारी संतोष पटेल, जिला उपाध्यक्ष लखन लोधी, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल,देवेंद्र लोधी, विजय पटेल, गणेशराम पटेल, सुरेंद्र ठाकुर, शेर सिंह पटेल, रामबाबू कुर्मी,जाहरसिंह,रमेश कुर्मी नरेश कुर्मी, वकील पटेल, शेरसिंह लोधी, वीरेंद्र सिंह, रोशन राजपूत, रोहित पटेल, अन्नू यादव, विवेक शुक्ला, गिरीश कुर्मी, जिला पंचायत सदस्य दीक्षा लोधी, अनुज पटेल, राजपाल पटेल,बलराम पटेल,नेतराम अहिरवार, बृजेश लोधी, सतीश लोधी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रघुवंशी समाज की जिला स्तरीय बैठक रविवार को

**गंजबासौदा।** रघुवंशी समाज द्वारा प्रस्तावित जिला स्तरीय तैयारी, समीक्षा एवं सुझावात्मक बैठक की तिथि में परिवर्तन किया गया है। यह बैठक पूर्व में 17 जनवरी को प्रस्तावित थी, लेकिन उसी दिन विदिशा में मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री के रोड शो के चलते बैठक की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब यह बैठक रविवार 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे आयोजित होगी।

### शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर, मुख्य मार्ग से होकर कथा स्थल पहुंची

# शिव महापुराण कथा के पूर्व निकली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को सावरकर चौक स्थित धनुषधारी मंदिर प्रांगण में शिव महापुराण कथा आयोजन के पहले कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ हुई। कलश यात्रा सुबह शीतला माता मंदिर में पूजा के बाद प्रारंभ हुई। बैंड-बाजे और ढोल-धमाकों के साथ निकली इस यात्रा का क्षेत्र में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। कलश यात्रा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल सावरकर चौक धनुषधारी मंदिर प्रांगण पहुंची।

यहां कलश स्थापना के साथ कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कथा के दौरान रुद्राक्ष वितरण के साथ शिव पार्वती और गणेश विवाह प्रसंग भी आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन कथावाचक आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने शिवोपासना का महत्व बताते हुए कहा कि पौराणिक मान्यता के अनुसार कलश के मुख में विष्णु, कंठ में महेश, मूल में ब्रह्मा तथा कलश के मध्य में देवी की शक्तियों का वास होता है। अतः कलश को देवताओं और तीर्थ स्थानों आदि की शक्तियों के प्रतीकात्मक रूप में स्थापित किया जाता है। शास्त्रों में बिना जल के कलश रखना अशुभ माना गया है। इस कारण कलश पर जल, पान और आम के पत्ते, केसर, अक्षत, कुमकुम, दूर्वा-कुश, सुपारी, फूल, कपास, नारियल, अनाज आदि पूजन के अनुसार रखे जाते हैं, जिससे लोगों को सकारात्मकता के साथ ही, सुख-समृद्धि की भी प्राप्ति होती है। भगवान शिव को लोक कल्याणकारी और भक्तों का हितकारी बताया। उन्होंने शिव महिमा का बखान किया और शिव पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला।

कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्सव का माहौल बना हुआ है और कथा स्थल पर भगवान के ध्वजा लगाए गए हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से सुनाई जा रही है। कथा की मुख्य यजमान रिचा मनीष भावसार सहित समस्त भावसार समाज एवं आचार्य भूपेंद्र पांडे, अशोक महाराज, विपिन महाराज सहित समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

## प्राचीन धर्म संस्कृति, विज्ञान का विश्व को योगदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पर्वाधिराज मकर संक्रांति महापर्व पर भारत रत्न डा एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष सेमरी मे भारतीय संस्कृति का विश्व को योगदान विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रखर राष्ट्रवादी विचारक चिंतक योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा भारत की प्राचीन धर्म संस्कृति और विज्ञान का विश्व को अद्भुत योगदान है मकर संक्रांति पर्व। यह पर्व शेष विश्व को बताता है हम भारतीय उस समय से सूर्य, चंद्र और पृथ्वी की गति, ऋतु परिवर्तन, दिन रात का होना सहित अनेक खगोल विज्ञान से परिचित थे जबकि शेष विश्व मे सभ्यता का विकास भी नही हुआ था। वहां के मानव अनपढ़ और जाहिल था। हमारे महान ग्रंथ महाभारत मे पांच हजार साल पहले बताया गया है भीष्म पितामह ने तब तक प्राण नही त्यागे जब तक सूर्य उत्तरायण नही हो गये। इस बात से सिद्ध होता है हमारे पूर्वजों का ज्ञान विज्ञान कितना विकसित और उन्नत था। उनको पृथ्वी, सूर्य, चंद्र की न केवल गतिया पता था बल्कि उनको सूर्य कब कहां किस स्थिति मे होगा, पृथ्वी की स्थिति कैसी होगी यह सब पता था। हमारे विद्वान विप्रजन आज आपको बता सकते पंचाग देखकर सौ साल आगे पीछे का अमावस्या, पूर्णिमा बता सकते है जो शत प्रतिशत सत्य होगा। इससे हमारे वैश्विक ज्ञान विज्ञान का पता चलता है। कार्यक्रम को समाजसेवी फेरन सिंह लोधी , वरिष्ठ नागरिक फूल बाई लोधी,ऊषा देवी सेन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर औलंपियाड विजेता प्रियंका लोधी, चाँदनी पंथी, कशिश विश्वकर्मा, पूर्व छात्र आदर्श लोधी, यशवंत लोधी को पुष्पगुच्छ व कलम भेंट कर सम्मानित किया गया।

### बसंत पंचमी पर दरबार में मनेगा स्थापना उत्सव

**गंजबासौदा।** राजेंद्र नगर स्थित श्रीधाम बासौदा दरबार में बसंत पंचमी के अवसर पर भगवान श्री रामदेव की प्रतिमा स्थापना दिवस श्रद्धा और भक्ति से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजन, आरती और भजन-कीर्तन होंगे। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कई श्रद्धालु पैदल ध्वज यात्रा के साथ दरबार आएंगे। ये यात्री गुना, भोपाल, विदिशा सहित अन्य स्थानों से पदयात्रा करते हुए पहुंचेंगे। पदयात्रियों का रास्ते में ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जाऐगा। सेवा दल के कार्यकर्ता यात्रियों के ठहरने, भोजन और स्वास्थ्य की व्यवस्था संभालेंगे। राजेन्द्र नगर बर्री घाट रोड स्थित भगवान श्री रामदेव मंदिर परिसर में बसंत पंचमी के दिन ही प्रतिमा की स्थापना हुई थी। मंदिर के संस्थापक पंडित हरिनारायण पाठक ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### सीएचओ को दिया 3 दिवसीय प्रशिक्षण

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचओ को डीन डॉ मनीष निगम एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ अविनाश लाघवे के मार्गदर्शन में मेडिसिन और प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने 3 दिवसीय प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मप्र के 4 जिले बैतूल, नर्मदापुरम, रायसेन एवं विदिशा के 35 सीएचओ शामिल हुए। इन 3 दिनों में प्रतिभागियों में कई विषयों पर विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ सौरभ जैन, डॉ मयंक चौरसिया, डॉ राजकिशोर सिंह, डॉ सेवरस हिंगवे, डॉ प्रियाशा त्रिपाठी, डॉ हेमंत यादव, डॉ सुधा चौरसिया, डॉ आरती शर्मा व टीम ने प्रशिक्षित किया। ऑवजर्बर स्नेहा यादव ने प्रशिक्षण का निरिक्षण किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए हैं।

### हिंदू सम्मेलन को लेकर घर-घर पीले चावल दिए

**कुरवाई।** 18 जनवरी रविवार को होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को नगर के सभी 15 वार्डों में जनसंपर्क किया गया। हिंदू सम्मेलन की टोली ने घर-घर पीले चावल देकर निमंत्रण दिया। अभियान के दौरान नगरवासियों में खासा उत्साह देखा गया तथा लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

### 18 को सर्वधर्म समभाव व्याख्यान माला आयोजित

**विदिशा।** गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल के तत्वावधान में प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला की द्वितीय पुष्प प्रस्तुति रविवार 18 को दोपहर 11:30 बजे मां हॉस्पिटल, श्रीरामनगर में होगी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मनजीत सिंह (ज्ञानी जी) मौजूद रहेंगे। वे सिख पंथ और इसका अमूल्य अवदान विषय पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से सिख धर्म के सामाजिक, नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। डॉ. सुरेश गर्ग, सुलखान सिंह हाड़ा, प्रो. अरविंद द्विवेदी, प्रो. केके पंजाबी ने प्रबुद्धजनों से इस आध्यात्मिक एवं वैचारिक यज्ञ में सहभागिता कर लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### ओलंपियाड परीक्षा के बाद किया सामूहिक भोजन

**ग्यारसपुर।** सांदीपनि विद्यालय में ओलंपियाड परीक्षा के बाद 260 विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों ने सामूहिक मध्यान्ह भोजन किया। बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार ने इसे समानता व सहभागिता का प्रेरक उदाहरण बताया। स्वच्छता व व्यवस्था की सराहना हुई।

# तीसरा दिन: अहंकारी रावण ने लिया जन्म

**हरिभमि न्यूज. विदिशा।** रामलीला में तीसरे दिन की लीला में प्रतापभानु से रावण जन्म की लीला का मंचन किया गया। श्रीगणेश, शारदा एवं नारद वंदना से लीला शुरू हुई। सम्राट प्रतापभानु शिकार करने जंगल में गए। शेर, चीता, भालुओं सहित अनेक पशुओं का शिकार करते करते घने जंगल में पहुंच गए और रास्ता भटक गए। भूख प्यास से व्याकुल सम्राट एक कुटिया में पहुंचे। जिसमें कपटमुनि रहता था वह कपटमुनि सम्राट का पराजित राजा था। कपटमुनि सम्राट को पहचान लेता है पर सम्राट उस मुनि को नहीं पहचान पाते। कपटमुनि सम्राट से बदला लेने की योजना बनाता है। सम्राट मुनि से वरदान मांगते हैं कि हे मुनि मुझे ऐसा वरदान दो कि पृथ्वी पर कोई मेरा शत्रु न रहे सात कल्प तक मेरा राज्य हो। मुझे युद्ध में कोई जीत न सके। मुनि कहते हैं कि इसके लिए ब्राम्हणों को प्रसन्न करना होगा।

### नटेरन में लंका दहन देखने उमड़ा जनसैलाब

**नटेरन।** रामलीला समिति सेऊ के तत्वावधान में रावण की लंका दहन की लीला का मंचन किया गया। जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। जैसे ही रावण द्वारा हनुमान जी की पूंछ में आग लगाई जाती है, वैसे ही हनुमान जी सोने की लंका को जलाकर रावण के अहंकार को चूर कर देते हैं। इस दृश्य पर जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारे गूंज उठे। लीला में समुद्र लांघते समय सुरसा, लंका में प्रवेश पर लंकिनी और विभीषण से भेंट जैसे प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट और रावण दरबार में हनुमान जी के पराक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



विदिशा। रामलीला मेला परिसर में सभी झुले लग चुके हैं और लोगों की भीड़ भी पहुंचने लगी है। 125 वें वर्ष में इस बार कुछ नए झूले भी मेला समिति द्वारा मंगाए गए हैं जो विदिशा मेले में पहली बार आए हैं।

## पुरानी गल्लामंडी में आज करोड़ों के कार्यों का होगा भूमिपूजन व शिलान्यास

# गडकरी आज करेंगे 4,400 करोड़ की आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण

***केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज विदिशा में 4,400 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं तथा ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे पुरानी गल्लामंडी में शुरू होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई सांसद और मंत्री मौजूद रहेंगे।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान सहित कई मंत्री और सांसद आज विदिशा जाएंगे। पुरानी गल्लामंडी में नितिन गडकरी द्वारा 4,400 करोड़ रुपये से प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं तथा ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। करीब 181 किलोमीटर लंबाई की 8 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं के साथ-साथ 3 अत्याधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का लोकार्पण एवं शिलान्यास होगा। रोड-शो विदिशा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार से प्रारंभ होकर माधवगंत तक पहुंचेगा। जहां से पुरानी मंडी पहुंचेंगे। शुक्रवार को विधायक मुकेश टंडन, श्यामसुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी, राकेश शर्मा, तीरथ दरबार सहित जनप्रतिनिधियों ने बाजार में जनसंपर्क कर शहरवासियों को इस कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आमंत्रित किया।

### जिपं अध्यक्ष सौंपेंगे ज्ञापन

जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी मंत्री गड़करी को ज्ञापन सौंपेंगे। एनएच 346, एनएच 146 और एनएच 45 को आपस में जोड़ने नवीन लिंक मार्ग के निर्माण की मांग रखी जाएगी। जिससे 4 जिले गुना, अशोकनगर, सिरोंज, विदिशा के यात्रियों की 100 किमी तक की दूरी कम होगी। वहीं राष्ट्रीय राजमार्गों के समानांतर गो विश्राम शेड निर्माण की मांग रखी जाएगी।



विदिशा। पुरानी गल्लामंडी में होने वाले कार्यक्रम में शहरवासियों को आमंत्रित करने निकले भाजपाई।

### कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का शिलान्यास होगा

भोपाल-विदिशा खंड का 4-लेन चौड़ीकरण, लंबाई 42 किमी और लागत 1,041 करोड़ का शिलान्यास किया जाएगा। यह परियोजना भोपाल-कानपुर कॉरिडोर का एक प्रमुख हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मौजूदा मार्ग को हाई-कैपेसिटी नेशनल हाईवे मानकों के अनुरूप विकसित करना है। परियोजना से अंतर-जिला एवं अंतर-राज्यीय यातायात अधिक सुगम होगा तथा लंबी दूरी और माल ढुलाई ट्रैफिक की आवाजाही सुरक्षित एवं तेज़ बनेगी। इस मार्ग से रायसेन जिले में स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे पर्यटन, व्यापार और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा विदिशा-ग्यारसपुर 4-लेन चौड़ीकरण, लंबाई 29 किमी, लागत 543 करोड़ रहेगी। इस परियोजना से विदिशा और आसपास के क्षेत्रों के बीच यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। चौड़ीकरण और ज्यामितीय सुधारों से सड़क सुरक्षा एवं ड्राइविंग आराम में वृद्धि होगी। परियोजना से सांची जैसे ऐतिहासिक स्थलों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी तथा विदिशा जिले के उच्च गुणवत्ता वाले गेहूं एवं अन्य कृषि उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं ग्यारसपुर-राहतगढ़ खंड 4 लेन चौड़ीकरण, लंबाई 36 किमी, लागत 903 करोड़ यह खंड क्षेत्रीय एवं लंबी दूरी की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। परियोजना से यात्रा समय में कमी, सड़क सुरक्षा में सुधार और माल ढुलाई को गति मिलेगी। व्यापार, लॉजिस्टिक गतिविधियों और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### किसानों की विभिन्न समस्याएं, भ्रष्टाचार को लेकर ज्ञापन देंगे

**विदिशा।** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि कार्यक्रम में स्वागत कार्यक्रम के साथ-साथ विदिशा की जमीनी समस्याओं पर भी गंभीरता से ध्यान दिया जाए। उनका कहना है कि निर्माणाधीन हाईवे की गुणवत्ता की जांच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा कराई जाए, ताकि अमानक काली मिट्टी के उपयोग जैसी शिकायतों पर रोक लगे और जनधन से बनने वाला हाईवे टिकाऊ बने। वहीं किसानों ने मकोड़िया बांध निर्माण, बिजली, सिंचाई के पानी, खाद-बीज की समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई है। शहर में सड़क, पानी, सफाई व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं की बदहाली पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। प्रशासन से आग्रह किया गया है कि मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्रियों को ज्ञापन देने का अवसर दिया जाए, अन्यथा समस्याओं की अनदेखी पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## राहुल गांधी के कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण

# दूषित पेयजल से मौतों के विरोध में कांग्रेसी आज रखेंगे उपवास

**इंदौर हादसे में मृत 24 नागरिकों को जिला कांग्रेस कमेटी देगी श्रद्धांजलि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण 24 निर्दोष नागरिकों की असामयिक मृत्यु के विरोध में विदिशा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को उपवास एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी के बाल विहार के पीछे स्थित कार्यालय में सुबह 11 बजे से होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से भेंट करेंगे और उन्हें सांत्वना प्रदान करेंगे। इसके बाद वे प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी के इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पूरे मप्र में स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में भी कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि इंदौर की यह घटना जनस्वास्थ्य और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। उन्होंने जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल होने का आह्वान किया। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने दी।

# अपने ही पिता के हत्यारे बेटे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

अपने ही पिता की निर्मम हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने आरोपी सुनील रैकवार को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

एजीपी राघवेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि घटना 17 जून 2024 की रात करीब 10-11 बजे की है। फरियादी कमल सिंह के अनुसार उसका बड़ा भाई सुनील रैकवार नशे का आदी था। खाना खाने के बाद कमल सिंह अपनी पत्नी के साथ कमरे में सो गया, जबकि पिता गणेशाराम और आरोपी आंगन में सो रहे थे। रात करीब 3 बजे पिता की चीख सुनकर बाहर आने पर उसने देखा कि सुनील लकड़ी से पिता के सिर पर वार कर रहा था।

गंभीर चोटों से गणेशाराम की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने थाना कुरवाई में अपराध क्रमांक 265/2024 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों व चश्मदीद बयानों के आधार पर दोष सिद्ध मानते हुए सजा सुनाई।

## 4 दिन से पिंजरा लगा, तेंदुआ नहीं आया हाथ, पठारी में दहशत, वन विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पठारी क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की आशंका से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ज्ञाननाथ पहाड़ क्षेत्र में तेंदुए की आहट सुनाई देने के बाद लोग सहमे हुए हैं।

शिवलिंग के दर्शन के लिए जा रहे चार लोगों को अचानक तेंदुए की दहाड़ सुनाई दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। घनी आबादी से लगे पहाड़ी क्षेत्र के कारण किसी अप्रिय घटना की आशंका जताई जा रही है। स्थिति को देखते हुए वन विभाग ने पतरुआ मैदान क्षेत्र में चार दिन पहले तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, लेकिन अब तक तेंदुआ उसमें नहीं फंसा है।

हालांकि पिंजरे में दो बार ऊदबिलाव फस चुका है। डीएफओ हेमंत यादव ने बताया कि सूचना के आधार पर निगरानी बढ़ाई गई है और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है। शाम होते ही लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं।

## शिव महापुराण शुरू, महाकाल की पालकी निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।

कथा के प्रथम दिवस हनुमान मंदिर पुरानी तहसील से कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बाबा रामदेव मंदिर कथा स्थल पर पहुंची। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा, आरती और स्वागत कर कलश यात्रा का भव्य अभिनंदन किया। यात्रा में सिर पर कलश धारण किए छोटी-छोटी कन्याएं आकर्षण का केंद्र रहीं, वहीं डीजे, ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ, बाबा



रामदेव और जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। विशेष आकर्षण के रूप में महाकाल की सुसज्जित पालकी में बाबा महाकाल को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। मंदिर पहुंचने पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शिव महापुराण कथा प्रारंभ हुई, जो भारत राष्ट्र गौरव से सम्मानित भगवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से संपन्न होगी। इस अवसर पर संत, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## योग, ध्यान से संवरता मन परीक्षा तनाव से मिली राहत

**ग्यारसपुर।** विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन द्वारा मानस किशोर मानसिक स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन योग विशेषज्ञ डॉ. राहुल जैन ने किया, जो भारत सरकार के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से भी जुड़े हैं और अब तक 10 हजार से अधिक लोगों को योग प्रशिक्षण दे चुके हैं। डॉ. जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि



शरीर के साथ-साथ मन का स्वस्थ रहना भी उतना ही आवश्यक है। योग और ध्यान से न केवल एकाग्रता बढ़ती है, बल्कि तनाव, घबराहट और मानसिक दबाव से निपटने की क्षमता भी विकसित होती है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, बनारस बाई पति का नाम स्व. श्री लखन सिंह आयुः- वयस्क जाति - मीना निवासी ग्राम मोही तहसील शमशाबाद जिला विदिशा म.प्र.। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम वनारस बाई (Vanaras Bai) त्रुटिवश अंकित हो गया है। मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा नाम बनारस बाई (Banaras Bai) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम बनारस बाई (Banaras Bai) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

### शासकीय कार्य में बाधा व मारपीट के मामले में दो आरोपियों को सजा

**विदिशा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बुज श्रीवास्तव ने मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में आरोपी साजिद खान और माजिद खान को एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 3-4 फरवरी 2018 की रात्रि ड्यूटी के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. पीसी मांझी द्वारा गंभीर अवस्था में लाए गए मरीज को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया था। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने डॉक्टर से गाली-गलौंज की, बोतल स्टैंड से हमला कर चोट पहुंचाई, लात-घूंसे मारे तथा अस्पताल में तोड़फोड़ की। घटना की एफआईआर दर्ज कर विवेचना उपरांत चालान पेश किया गया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी साकेत गोयल की प्रभावी पैरवी पर न्यायालय ने आरोप सिद्ध मानते हुए सजा सुनाई।

## महाशिवरात्रि के आयोजन को लेकर घाट पर तैयारी शुरू

# बंगला घाट पर बनेगा 55 फीट ऊंचा केदारनाथ मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

महाशिवरात्रि पर बंगला घाट पर होने वाले आयोजन को लेकर शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। इस बार श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम की अनुभूति कराने बंगला घाट पर केदारनाथ मंदिर की झांकी का निर्माण किया जाएगा।

आयोजन समिति के संजय प्रजापति, सुरेन्द्र कुशवाह ने बताया की केदारनाथ मंदिर का निर्माण पश्चिम बंगाल से आए कलाकार संतोष विश्वास के मार्गदर्शन में उनकी 10 सदस्यीय टीम द्वारा किया जाएगा। इसके लिए बंगला घाट पर स्थायी रूप से रुकी हुई है। टीम ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर



आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रस्तावित मंदिर की कुल ऊंचाई गुम्बद सहित लगभग 55 फीट होगी। मंदिर का निर्माण केदारनाथ धाम की तर्ज पर किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक शिल्पकला और धार्मिक वास्तुशैली का विशेष ध्यान रखा जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार मंदिर का स्वरूप भव्य एवं आकर्षक होगा, जिससे श्रद्धालुओं को मूल केदारनाथ धाम जैसी अनुभूति प्राप्त हो सके। मंदिर का निर्माण कार्य लगभग 25 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा।

महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक एवं भजन-कीर्तन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव की विधिवत आराधना की गई और मंदिर निर्माण के सफल एवं निर्विघ्न पूर्ण होने की कामना की गई।

### 2.70 लाख महिलाओं की लाड़ली बहना की राशि जमा

**विदिशा।** महिला-बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 2 लाख 70 हजार महिलाओं के बैंक खातों में 40 करोड़ रुपए की मासिक आर्थिक सहायता राशि सीधे ट्रांसफर की गई। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए रस्साकशी और पतंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

### हिन्दू सम्मेलन के लिए भूमिपूजन किया

**गुलाबगंज।** 18 जनवरी को हायर सेकंडरी स्कूल में होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे कलश यात्रा से शुरू होगा। इसके बाद संतों के सानिध्य में हिन्दू सम्मेलन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन पालिथिन मुक्त भारत का संदेश दिया जाएगा।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमोद कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व. श्री रामनारायण निवासी वार्ड नं. 15. टेकापार नगर परिषद गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा म.प्र. से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा स्वयं के आधिपत्य का मकान / प्लॉट जो ग्राम टेकापार गढ़ी, वार्ड नं. 15, तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. आराजी पुराना 182/1/1/1/2 नया 182/1/1/1/2/5 एरिया 625 वर्गफिट जिसकी चतुसीर्माएं उत्तर में- प्रमोद कुमार विश्वकर्मा का भाग, दक्षिण में- मुन्नालाल साहू का मकान ,पूर्व में -जगदीश गुर्जर का मकान, पश्चिम में -15 फीट चौड़ा रोड़ है यह कि उक्त संपत्ति कि उनकी मां स्व. श्रीमति केराबाई पत्नि स्व. श्री रामनारायण निवासी वार्ड नं. 15, टेकापार नगर परिषद गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. द्वारा पूर्व विक्रेता श्री अब्दुल असद खान पुत्र श्री समद खान निवासी गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला विदिशा म.प्र. से क्रय की थी जिसका विक्रय पत्र/ग्रंथ क्रमांक A1/643 है जिसकी दिनांक 21-02-2011 है प्रमोद कुमार विश्वकर्मा की मां केराबाई की मृत्यु उपरांत उनके वारिसान पुत्री क्रमांक 1 पूनाबाई 2. तुलसाबाई पुत्री स्व. श्री रामनारायण द्वारा उक्त संपत्ति के अपने हिस्से की ई-रजिस्टर्ड रिलीज डीड क्रमांक MP292662024A11327426 दिनांक 14-11-2024 के द्वारा अपने भाई प्रमोद कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व. श्री रामनारायण निवासी वार्ड नं. 15. टेकापार नगर परिषद गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. के पक्ष में कर दी गई है वर्तमान में उक्त संपत्ति के एकमात्र मालिक प्रमोद कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व. श्री रामनारायण निवासी वार्ड नं. 15, टेकापार नगर परिषद गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. है उक्त संपत्ति की लिंक डीड विक्रय पत्र / ग्रंथ क्रमांक A1/643 है जिसकी दिनांक 21-02-2011 कहीं खो गई है यदि उक्त लिक डीड या उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या किसी के पास उक्त संपत्ति बंधक आदि रखी गई हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा में मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त सम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, नेशनल इंश्योरेंस के पास, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. मो.नं. 9685965100

## महिलाओं ने किया शराब की बोतल लेकर विरोध प्रदर्शन

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं का फूटा गुस्सा, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ताजपुर महल की महिलायें अवैध शराब की बिक्री को लेकर लामबंद हो गईं शुक्रवार को दोपहर बाद गुस्साई महिलाओं द्वारा करीब दो घंटों तक सागर भोपाल स्टेट हाईवे मार्ग पाटनदेव पर सड़क पर जाम लगाकर सड़क के बीचोबीच बैठी रहीं। जिला प्रशासन की समझाइश के बाद महिलायें हटने को तैयार हुईं।

सूचना मिलते ही एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मांडले कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन कर रहीं शहर के ताजपुर महल मोहल्ले वार्ड तेरह की महिलाओं को दी समझाइश दी। लेकिन महिलाएं मानने को तैयार नहीं हुई। चक्का जाम के दौरान करीब 2 घंटे तक यातायात बाधित रहा दोनों तरफ वाहनों की कतारे लग गई। बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में शराब की बोतल लेकर सड़क पर बैठी रही और जिला व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करती रही। प्रदर्शन के दौरान परेशान महिलाएं बोली कई बार पुलिस प्रशासन को सरकार के बाद भी शराब माफिया पर कोई




कार्रवाई नहीं होती।

### कम उम्र के बच्चे भी हो रहे शराब के आदी

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी झुकी बस्ती में लंबे समय से अभी शराब बेची जा रही है जिससे उनके परिवार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं घरों में रोजाना झगड़ा मारपीट और आर्थिक तंगी बढ़ रही है महिलाओं का यह भी आरोप है कि कम उम्र के बच्चे भी शराब के आदी होते जा रहे हैं जिससे उनका भविष्य खतरे में पड़ गया है

### करीब दो घंटे यातायात हुआ प्रभावित

चक्का जाम आंदोलन की वजह से दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कता रे लग गई। जिससे राहगीर परेशान होते रहे। वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ,तहसीलदार और एसडीएम पहुंचे और महिलाओं को समझाइश दी। एसडीएम,तहसीलदार ने महिलाओं को शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। लेकिन महिलाएं तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़ी रहीं। काफी देर तक बातचीत के बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला।

### महिलाओं ने लगाए आरोप

प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं का आरोप है कि वार्ड क्रमांक 13 ताजपुर मोहल्ले में गली-मोहल्लों में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है। आबकारी विभाग की मिलीभगत से शराब ठेकेदारों के लोग चोरी-छिपे शराब सप्लाई कर रहे हैं। इससे घर-घर में कलह, मारपीट और सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है।महिलाओं का यह भी कहना है कि शराब पीकर घर लौटने वाले पति आए दिन झगड़ा और हिंसा करते हैं। हालात इतने खराब हैं कि बुजुर्गों और बच्चों तक पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। कई बार जिला कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि अवैध शराब बेचने वाले एजेंट उन्हें धमकाते हैं और अभद्र व्यवहार करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, इसी वजह से उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती।

### इनका कहना है

वर्जन प्रदर्शन कर रही महिला"हम कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। अवैध शराब की वजह से हमारे घर बर्बाद हो रहे हैं, बच्चे बिगड़ रहे हैं। जब तक शराब बंद नहीं होगी, हम चुप नहीं बैठेंगे।"

**रामकली देवी-स्थानीय निवासी**

मिलजुलकर अवैध शराब बिक्री पर लगाएंगे पाबंदी

ताजपुर महल मोहल्ले वार्ड तेरह में अवैध शराब की बिक्री पर अधिकारी, नागरिक और पुलिस सख्ती से रोक लगाएंगे। अगर फिर से इस मोहल्ले में अवैध शराब बिक्री की सूचना तत्काल मोबाइल से इसकी सूचना कोतवाली पुलिस, आबकारी महकमे को दें। मिलजुलकर ही अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाई जा सकती है।

**मनीष शर्मा-एसडीएम रायसेन**

## शिवाजी बस्ती में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित

# समाज की मजबूती आपसी सद्भाव से-विक्रम जी भाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन नगर की शिवाजी बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम शुक्रवार को उत्साह और भव्यता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत प्रातः भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें बस्ती सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता की।

पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक यात्रा निकाली। कलश यात्रा के दौरान जयघोष और धार्मिक नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद विधिवत सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री विक्रम जी भाई साहब उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने समाज में समरसता, हिंदू एकता और नागरिक शिष्टाचार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती आपसी सद्भाव, अनुशासन और एक-दूसरे के प्रति सम्मान से ही संभव है। उन्होंने सभी से सामाजिक कुरीतियों को दूर कर सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र और समाज निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा वर्ग एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और समाज को एकजुट रखने का संकल्प दोहराया। सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह और सकारात्मक संदेश देखने को मिला।

# आज से शुरू होगा सांसद खेल महोत्सव

- पूर्व विधायक ने किया आयोजन स्थल का निरीक्षण
- समापन कार्यक्रम में शामिल होगें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



नगर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन शनिवार से किया जा रहा है। यह दो दिवसीय खेल महोत्सव शासकीय महाविद्यालय सिलवानी के खेल मैदान पर आयोजित होगा, आयोजन से पूर्व शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण पूर्व विधायक रामपाल सिंह द्वारा किया गया।

इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आयोजन से जुड़े कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। निरीक्षण के समय पूर्व विधायक रामपाल सिंह ने खेल मैदान की व्यवस्थाओं, खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाओं तथा आयोजन की समग्र तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैदान की साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं, ताकि खिलाड़ियों एवं दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# सलामतपुर में 18 को आयोजित होगा हिन्दू सम्मेलन, निकाली वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

रविवार को सलामतपुर में होने वाले हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को वाहन रैली का आयोजन बड़े स्तर पर किया गया। वाहन रैली में आसपास क्षेत्र के सैंकड़ों वाहनों द्वारा रैली निकाली गई। यह रैली कार्यक्रम स्थल से होते हुए भोपाल विदिशा मुख्य मार्गों से निकाली गई। और इसका समापन वापस कार्यक्रम स्थल पर हुआ। वहीं रविवार को कार्यक्रम में कस्बे सहित रातातलाई, बेरखेड़ी चौराहा, दीवानगंज, त्रिमूर्ति चौराहा, बालमपुर, अम्बाडी, सेमरा, ग्राम बरौला, बराईखास, तिजालपुर , खामखेड़ा, रतनपुर, मेढ़की, कटसारी, भोई कालोनी, भगवंतपुर, बहेडिया, पगनेश्वर के सैंकड़ों ग्रामीण शामिल होंगे।




# जिला कांग्रेस कमेटी का उपवास कार्यक्रम होगा आज

**रायसेन।** मप्र कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से हुई मौतों के विरोध में शनिवार को कांग्रेसी उपवास करेंगे।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता जावेद अहमद खान ने बताया कि कामधेनु शॉपिंग कॉम्प्लेक्स परिसर सागर भोपाल तिराहे के समीप सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कांग्रेसी उपवास करेंगे। मालूम हो कि इंदौर के भागीरथपुरा में पिछले दिनों जहरीले पानी पीने से हुई मौतों की घटना के विरोध में कांग्रेसी उपवास करेंगे। उपवास कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला कांग्रेस प्रभारी शैलेंद्र पटेल जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक देवेंद्र पटेल पूर्व अध्यक्ष मुमताज खान पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल गडरवास पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल डॉ.जीसी गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## चार घायलों को भेजा सिविल अस्पताल

# हाईवे पर 2 मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिले के सलामतपुर अंतर्गत मेढकी चौराहे पर शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो युवक, एक युवती और एक बुजुर्ग शामिल हैं। सभी की हालत नाजुक बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कल्याण सिंह अपनी बाइक से रॉन्ग साइड से तेज गति में आ रहा था, जबकि दूसरी बाइक पर दो युवक और एक युवती सवार थे। इसी दौरान दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में हेमंत, सविता, नंदकिशोर और बुजुर्ग कल्याण सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना में बाइकों को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सांची सिविल अस्पताल भेजा गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

# मां नर्मदा के उपासक समर्थ दादा गुरु सरकार का सारंग आश्रम में हुआ आगमन

- सारंग सदा व्रत आश्रम में दादा गुरु का स्वागत रात्रि विश्राम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

.नर्मदा मैया के अनन्य उपासक 5 वर्षों से अन्न त्याग कर सिर्फ नर्मदा मैया का जल पीकर नर्मदा मैया की पाद परिक्रमा कर रहे। पूज्य संत समर्थ दादा गुरु भैया जी सरकार का सैकड़ो नर्मदा परिक्रमा वासियों के साथ नर्मदा के उत्तर तट स्थित घाट पिपरिया में सारंग परिवार द्वारा संचालित सारंग सदाव्रत आश्रम पहुंचने पर भोपाल के विधायक एवं मंत्री विश्वास सारंग एवं परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत वंदन किया गया दादा गुरु ने रात्रि विश्राम भी सदाव्रत आश्रम में किया।



नर्मदा मैया के जल में अपार शक्ति- मां नर्मदा मैया की स्वच्छ निर्मल सदानीरा जलधारा के साथ पर्यावरण वृक्षारोपण और नर्मदा मैया की शक्ति से लोगों को अवगत कराने पिछले 5 वर्षों से समर्थ दादा गुरु सिर्फ नर्मदा जल ही ग्रहण करते हैं। बिना अन्न ग्रहण किये दादा गुरु द्वारा नर्मदा की चौथी बार पाद परिक्रमा की जा रही है। दादा गुरु के दर्शन करने आशीर्वाद लेने संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र से हजारों लोगों की सदाव्रत आश्रम घाट पिपरिया में भारी उपस्थिति रही।

### भोजन भंडारा वस्त्रों का वितरण

स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग पूर्व सांसद भाजपा नेता के पुत्र मंत्री विश्वास सारंग के संपूर्ण परिवार द्वारा दादा गुरु के साथ पाद परिक्रमा कर रहे। सैकड़ो महिला पुरुषों का आत्मीय स्वागत सत्कार किया गया। सभी का भोजन भंडारा हुआ नर्मदा मैया की संगीतमय विशेष महा आरती की गई नर्मदा तट नर्मदा मैया ,दादा गुरु के जयकारों से गूंज उठा सारंग परिवार द्वारा 2013 में नर्मदा परिक्रमा वासियों के ठहरने भोजन के लिए सदाव्रत आश्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। सारंग परिवार मंत्री विश्वास सारंग द्वारा सभी नर्मदा परिक्रमा वासियों स्त्री पुरुषों को वस्त्रो का वितरण किया गया।

## हिन्दू सम्मेलन की तैयारी, बैठकें शुरू

# बापौली धाम में 19 जनवरी को विशाल हिन्दू सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में हिन्दू सम्मेलन आयोजन की श्रृंखला बनी हुई है। 19 जनवरी को संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त ब्रह्मलीन गुरु जी की तपोस्थली शिव बापौली धाम में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। बापौली धाम में संत लाल बाबा द्वारा डेढ़ दशक से तपस्या साधना की जा रही है।

हिन्दू सम्मेलन के लिए गांव-गांव प्रचार और संपर्क अभियान जारी बना हुआ है। नगर के आयशर ट्रैक्टर शोरूम पर हिन्दू सम्मेलन की तैयारी के लिए बैठक का आयोजन हुआ। ग्राम मेहरागांव कलां निवासी आदित्य ट्रैक्टर शोरूम के संचालक दुर्गेश राजपूत द्वारा ग्रामों से आए युवकों का आत्मीय स्वागत किया गया बैठक में हिन्दू सम्मेलन में युवाओं की सक्रियता विभिन्न व्यवस्थाओं को संभालने और संपर्क अभियान जेसे विषयों पर चर्चा की गई बैठक में बापौली धाम के आसपास बसे ग्रामों के साथ विभिन्न संगठन विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल और आरएसएस के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## विधायक देवेंद्र पटेल ने किया 10 लाख के टीन शेड का लोकार्पण

# प्रसिद्ध टेकरी धाम मुंआर को मिली नई छत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मुआर ग्राम स्थित प्रसिद्ध टेकरी धाम पर गुरुवार को आस्था, धर्म और जनसेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। विधायक देवेंद्र पटेल ने विधायक निधि से 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित टीन शेड का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में कथा वाचक स्वामी सदाशिव नित्यानंद गिरी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

टेकरी धाम पर लंबे समय से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टीनशेड निर्माण की मांग की जा रही थी। धार्मिक अनुष्ठानों व अन्य सामाजिक कार्यक्रम के समय धूप, बारिश से बचाव के लिए यह निर्माण अत्यंत आवश्यक था। विधायक देवेंद्र पटेल द्वारा इस मांग को पूरा किए जाने पर ग्रामीणों ने इसे धर्म और



जनहित के प्रति संवेदनशील पहल बताया।

इस अवसर पर स्वामी जी ने विधायक की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि वही सच्चा होता है, जो क्षेत्र को अपना परिवार समझे और धर्म एवं समाज के कार्यों में निरंतर योगदान दे। ऐसे कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं।

विधायक देवेंद्र पटेल ने अपने उद्बोधन में सादगी और भावुकता के साथ कहा कि यह टीनसेट उनका नहीं, बल्कि जनता का है। यह जनता की मेहनत की कमाई से बना है, जिसे धर्म कार्य में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि वह आप सभी के आशीर्वाद से विधायक बने हैं और इस सेवा में उनका व्यक्तिगत कुछ भी नहीं है। माता रानी की कृपा से वे आगे भी धार्मिक एवं जनकल्याण के कार्य करते रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम मुआर के ग्रामीणों ने विधायक का पुष्पमालाओं और जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया।

# बरेली की साहित्यकार पूजा हुई दिल्ली में सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर की बिटिया पूजा शिवा विश्वकर्मा को दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान से सम्मानित किया गया। साहित्य के क्षेत्र में पूजा अपना अग्रसर स्थान रखती है।उन्हे इससे पहले भी कई सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

साहित्य के माध्यम से पूजा ने मध्य प्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेशों में भी अपना परचम लहराया है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम घाटला प.ह.नं. 30 तहसील व जिला रायसेन स्थित भूमि खसरा क्रमांक 63/1/2/1 रकबा 0.530 हेक्टेयर बराबर 1.31 एकड़ जो राजस्व प्रपत्रो में सीमा बाई पत्नी स्व. नीलेश कुमार व केशव गोरख पुत्र स्व. नीलेश कुमार के नाम भूमि स्वामी व आधिपत्य धारी है को क्रय करने का सौदा तैय कर व्याने में टोकन राशि का भुगतान कर दिया है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था, बैंक, सहकारी सोसायटी शासकीय अथवा गैर शासकीय संस्था का उक्त भूमि पर कोई बकाया या किसी प्रकार की लेनदारी या हक आदि का कोई मतालबा हो तो वह 10 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर निराकरण करा ले, अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार उक्त भूमि क्रय कर अपने नाम करा लेगा, बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

भवदीय **मसरूर कमाल** एडवोकेट
जिला न्यायालय के सामने रायसेन
मो.नं. 9926331377